Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 18-04-2022 | अंक 200

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# बरही पश्चिमी जीप सदस्य प्रत्याशी कुंती देवी ने किया बरहीडीह एवं न्यू कॉलोनी का दौरा, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जनसंपर्क अभियान चलाती कुंती देवी

बरही पश्चिमी जिला परिषद प्रत्याशी कुंती देवी ने सोमवार को बरहीडीह, न्यू कॉलोनी एवं धनबाद रोड में बाजार पर जन सम्पर्क चलाया। वहीं जनसंपर्क अभियान में शामिल महिला मंडल के दीदियों से उनकी समस्या जानी। महिलाओ ने बताया कि हमारे गांव में नाली रोड एवं लाइट की स्थिति बहुत ही दुभर है। अभी तक हमारा गांव विकास से कोसों दूर है। विकास के नाम पर सिर्फ लूट हुआ है। वहीं सभी महिलाओं की समस्या सुनने के बाद जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी मांगे बिलकुल जायज है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की एक बार आप सब मुझे समर्थन दे और मुझे सेवा करने का अवसर दे।आशीर्वाद दें, वहीं जनसंपर्क में शामिल सभी ने उनका समर्थन देने का आश्वाशन दिया। साथ ही बताया कि 22 अप्रैल को न०मिनेशन है। इस कार्यक्रम में सभी को शामिल होने की अपील की। मौक़े पर समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद, गुलाब कुमार, डब्लू सिंह, पप्पू कुमार, अमित सिंह, मंटू सिंह, छोटू पांडेय, रितेश कुमार, पार्वती देवी, मंजू देवी, मीना देवी, कुंदन केशरी, अजय केशरी, संजय यादव, अनिल ठाकुर, एवं राजा आजाद सिंह मौजूद थे।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में एक दिवसीय स्वास्थ मेला का आयोजन, 500 लाभूक हुए लाभान्वित

### दर्जनों स्टॉल लगाकर दी गई स्वास्थ्य लाभ की जानकारी




स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन करते डीएस एवं अन्य अधिकारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



स्वास्थ्य मेला का निरीक्षण करती बरही बीडीओ

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को एकदिवसीय स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉप्रकाश ज्ञानी, डॉ ए के रंजन, डॉ एजाज, डॉ अमन प्रसाद, डॉ संतोष कुमार, डॉ शशि जयसवाल, डॉ अनुभा कुमारी ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने लोगो को संबोधित करते हुए बताया कि इस स्वास्थ्य मेला वैसे लोग जो अपना इलाज करवाने में सक्षम नहीं है या फिर अन्य किसी भी प्रकार का जांच करवाने के लिए पैसा नही वैसे लोगो को इस मेला से लाभ मिलेगा जो निशुल्क होगा। वहीं इस स्वास्थ्य मेला का निरीक्षण सीएस डॉ सरयू प्रसाद सिंह, डी आरसीएचओ कपिल मुनि प्रसाद, यूनिसेफ के एनजी दुबे एवं बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने किया। इस प्रखंड स्तरीय मेले में जांच के लिए विभिन्न प्रकार के स्ट०ल लगाए थे । इसमे सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद जांच, त्वचा रोग जांच, कुष्ठ निवारण, टीबी नियंत्रण, आर टी आई/ एस टी आई/ एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, मलेरिया, अंधापन की रो. कथाम एवं कैंसर नियंत्रण जागरूकता को लेकर स्टॉल लगाया गया। इस स्वास्थ्य मेला में कुल 209 लोगो ने पंजीयन कराया । जिसमे स्वास्थ्य पहचान 50, आयुष्मान कार्ड निर्गत 2, वीडियो क०ल के माध्यम से 50 लोगो का चेकअप किया गया, प्रसूति रोग 37, स्तनपान 20, परिवार नियोजन 55, पोलियो ड्रॉप 8, यौन शौषण रोग 31, शिशु रोग 23, स्त्री रोग 37, मलेरिया 34, टीबी 8, कुष्ठ रोग 5, डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन 107, एचआईवी 31, रक्त जांच 65, एक्स रे 3, एवं 525 लोगो के बीच कंडोम बांटा गया। मौके पर बीपीएम नारायण राम, लिपिक पंकज कुमार, विनय सिन्हा, प्रहलाद कुमार एवं अस्पताल के दर्जनों एएनएम एवं अस्पतालकर्मी मौजूद थे।

## 21 अप्रैल को करेंगी बरही पूर्वी जीप प्रत्याशी मुनेजा खातून,हैट्रिक लगाने के लिए फिर चुनाव मैदान में

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मुनेजा खातून

बरही पूर्वी जीप सदस्य मुनेजा खातून इस बार हैट्रिक लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। दो बार जिला परिषद सदस्य के रूप में निर्वाचित हो चुकी है। इस बार पुनः चुनाव मैदान में किस्मत आजमा रही है। पिछले 10 वर्षो में किए गए विकास कार्य को आधार बनाकर पुनः जनता से आशीर्वाद मांग रही है। उन्होंने बताया कि उनका नामांकन 21 अप्रैल को है। कहा कि पिछले 10 सालों तक जनता से करीब से जुड़ी रही हूं। जनता के हर दुख सुख में सहभागी रही है। बिना किसी भेद भाव के हर समाज के हर तबका के विकास के लिए काम की हूँ। जिला परिषद का अपना फण्ड नही रहने के बावजूद जिला परिषद के जिला फंड से कई सड़क का निर्माण करवाई हूँ । सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हमेशा आगे रही हूँ। इसलिए उम्मीद है कि इस बार भी उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने 21 अप्रैल को होने वाले नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-----मतदाताओं की जागरूकता और सजगता पर प्रश्न चिन्ह



डॉ अनिल कुमार

पंचायत चुनाव 6 वर्ष के अंतराल पर होते है और निर्वाचित मुखिया, प्रमुख और पंचायत समिति सदस्य 6 वर्षों तक निश्चित हो कर सत्ता का भरपूर उपयोग करते है और इतने समय मे जनता का विकास कितना होता है यह किसी से छिपा नही रहता है। हाँ इनका विकास इतना ज्यादा होता है कि करोडों की संपत्ति चंद वर्षों में जमा हो जाती है। दुपहिए पर सवारी करने वाले मुखिया और प्रमुख स्कार्पियो और महंगी सफारी में चलने लगते है जबकि ये अवैतनिक होते है।प्रश्न यह है कि यह सब जनता के आखों के सामने होता है और जनता भ्रष्टाचार की मूकदर्शक बनी रहती है। क्या जनता दोषी नही है ? क्या कभी जनता इनसे सवाल करती है ? क्या जनता यह नही जानती है कि 600 रुपये का स्ट्रीट लाइट के लिए इन्हें 6000 का भुगतान सरकार से हो रहा है, और लाखों रुपये के डस्ट बिन चुनाव के पूर्व के आखरी चंद महीनों में लगा दिए जाते है जो दो हफ़्तों में टूट के सड़क पर बिखर जाते है। मुखिया प्रमुख आपके गली मोहल्लों में ही रहते हैं और आप सजग नहीं रहेंगे तो आपको कोई हक नही है कि आप सरकार से अपने विकास नही होने की शिकायत करें। जात– पात के आधार पर और चंद रुपयों के लालच में अपना वोट बेचेंगे तो ऐसे ही भ्रस्ट जन प्रतिनिधि चुन कर आएंगे। अपने अधिकारों को पहच.।निए और स्वाभिमान को जिंदा रखिये।उखाड़ कर फेंक दीजिये ऐसे भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों को और नई पीढ़ी के ऊर्जावान, संस्कारी और ईमानदार युवाओं को चुनाव में जीताए। सरकार को भी जनता को right to recall अधिकार देना चाहिए। अगर चुने हुऐ मुखिया, प्रमुख को अपनी कुर्सी जाने का डर रहेगा तो वो सरकारी योजनाओं में लूट –खसोट और कमीशनखोरी करने से डरेंगे।

## बरही पूर्वी जीप प्रत्याशी किशुन यादव ने किया जनसम्पर्क

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही पूर्वी भाग के जीप प्रत्याशी किशुन यादव ने जनसंपर्क करते हुए डपोक पहुंचे। डापोक में ग्रामीणों के साथ बैठक कर अपनी उम्मीदवारी की जानकारी देते हुए समर्थन की अपील की। किशुन यादव ने कहा कि मैं निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा के लिए चुनाव मैदान में आया हूँ। उन्होंने अपनी भावी कार्य योजना की जानकारी देते हुए बताया कि बरही पूर्वी भाग में बेरोजगारी चरम पर है। रोजगार का साधन नही है। युवा पलायन कर रहे है। कृषि के लिए जलाशय रहने के बाद भी सिचाई की व्यवस्था नही हो पा रही है।। इन सभी समस्यायों का समाधान हमारी प्राथमिकता है। मौके पर काफी ग्रामीण मौजूद थे।


APEM LIVE

**अपेम लाइव न्यूज**

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




# बेलकप्पी पंचायत से ललिता देवी मुखिया पद के लिए 22 को दाखिल करेंगी नामांकन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा : पंचायत चुनाव की बिगुल फूंकने के बाद नामांकन के लिए इसी कड़ी में बेलकप्पी प्रसिद्ध समाजसेवी धीरेंद्र कुमार पांडेय की पत्नी ललिता देवी ने मुखिया पद के लिए 22 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगी । धीरेंद्र पांडेय एक सामाजिक सोच के व्यक्ति है। वे राशनकार्ड, थाना, व अस्पताल संबंधित मामला के लिए हमेशा तत्पर रहें हैं उन्होंने जनता के लिए कई कल्याणकारी वृद्धा/विधवा/विकलांग पेंशन, राशनकार्ड बनवाने में मदद की। मुखिया प्रत्याशी ललिता देवी ने कहा की बिना कोई पद पर रहे पूरे पंचायत में आम जनता को सहयोग करते आ रहे है भविष्य में चुनाव जीतने पर आम जनता के निर्णय के आलोक में गरीब बेसहारा जरूरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, सिचाई हेतु डीप बोरिंग,चापानल, नाली का निर्माण ढक्कन सहित ,पीसीसी, सड़क, वृद्धा/विधवा पेंशन, सभी गरीब और जरूरतमंदो लोंगो को सरकारी लाभ दिलाने का कार्य करूँगी।

# कपका पंचायत के मुखिया प्रत्याशी के तौर 21 अप्रैल को कमल करेंगे नामांकन

## स्वास्थ्य एवं कृषि कार्य को दी जाएगी प्राथमिकता: कमल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा कपका पंचायत के योग्य एवं शिक्षित कमलेश कुमार उर्फ कमल पिता स्व छोटु महतो ने मुखिया पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। वे 21 अपैल को नामांकन करेंगे उन्होंने पंचायत के सभी गांवों के लोगो को नामांकन में शामिल होने की अपील की उन्होंने कहा वे युवाओं से खाशकर कहना चाहते है कि बिना युवाओं के जोश व बुजुर्गों के आशीर्वाद के बिना पंचायत का विकास नही हो सकता कमलेश(कमल) कपका के वरिष्ठ शिक्षक सह समा. जसेवी रामकिसुन महतो के सगे भाई है इनकी शिक्षा एमए बीएड है। दावेदारी पेश करते हुए मुखिया उम्मीदवार कमलेश कुमार(कमल) ने बताया कि पिछले पांच सालों में कपका पंचायत का जितना विकास होना चाहिए था, उतना नही हो पाया। सिर्फ कागजी खानापूर्ति की गई आज भी सरकारी स्कूलों में संसाधनो का घोर अभाव है। प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा तो इस पंचायत में नही के बराबर है लोग हजारीबाग व तिलैया के भरोसे रहते है , जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि कपका की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देकर मुखिया बनाती है तो सबसे पहले स्वास्थ्य,शिक्षा व आवास की व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा। शिक्षा में सुधार करना मुख्य प्राथमिकता रहेगी। आंगनबाड़ी से मिलने वाली सुविधा शत प्रतिशत दिलाने का प्रयास रहेगी। महिला सशक्तिकरण पर जोर रहेगा। आवासहीन लोगो को प्राथमिकता के आधार पर आवास मुहैया कराया जाएगा। तहसील कचहरी को चालू कराया जाएगा। कपका पंचायत के किसानों को प्रशिक्षण दिलवाकर कृषि कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी।। उन्होंने कहा कपका के युवा बुजुर्ग व महिलाओं से अपील की है कि आप सहयोग करे जिससे कपका, मासीपिरि, बसरिया का सम्पूर्ण विकास किया जा सके ।

# बरही में सोमवार को चार मुखिया प्रत्याशी ने किया नामांकन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पहले चरण के दूसरे दिन चार अलग अलग पंचायत से आए मुखिया उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान कोल्हुवाकला पंचायत से टेकलाल यादव, मालकोको पंचायत से अब्दुल उर्फ संजय, करियातपुर पंचायत से राम कुमार दास एवं रसोइया धमना पंचायत से मो जियाउल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। साथ ही साथ आठ वार्ड सदस्यों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पूर्व सभी मुखिया उम्मीदवार अपने अपने समर्थकों के साथ नामांकन करवाने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे।

पंचायत चुनाव को लेकर यदि आप अपना विज्ञापन अपेम लाइव में लगाना चाहते हैं तो संपर्क करें।
9550809864 एवं 7903057824

# पदमा पंचायत से मुखिया पद के लिए मंजू देवी ने पुनः पेश की दावेदारी, 22 अप्रैल को भरेंगे प्रपत्र

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन राज मेहता**



पदमा पंचायत से मंजू देवी ने मुखिया पद के लिए पुनः दावेदारी पेश कर दी है। वहीं इस आगामी पंचायत चुनाव के लिए 22 अप्रैल को प्रपत्र भरेंगे। साथ ही साथ उन्होंने अपने पंचायतवासियों से अपील किया की एक बार पुनः मुझे अपना कीमती वोट देकर मुझे विजई बनाए और सेवा करने का अवसर प्रदान करे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सुनिल पासवान होंगे सुदन पंचायत से पंचायत समिति उम्मीदवार

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विकम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत सुदन पंचायत से सुनिल पासवान सुदन निवासी होंगे। पंचायत समिति उम्मीदवार। सुनिल पासवान एक समा. जसेवी के रूप से जाने जाते हैं। अपने क्षेत्र में हर सुख–दुख में लोगों के साथ रहते हैं। सुनिल पासवान के



चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में अच्छा खासा लोकप्रिय है। पासवान ने कहा कि पंचायत की जनता मुझे एक बार मौका दिया तो पंचायत के साथ साथ प्रखंड के लोगों के हित के लिए काम करूंगा। पंचायत की जनता से मुझे उम्मीद है कि एक मौका मुझे जरूर मिलेगा।

## बरकट्ठा में स्वास्थ्य मेला का आयोज़न

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा : प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में सोमवार को स्वास्थ्य मेला का आयोज़न किया गया।मेला का विधिवत उद्घाटन सीओ श्रीकांत लाल मांझी,बीडीओ कृति. बाला लकड़ा एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ रजनीकांत ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज. ज्वलित कर किया।स्वास्थ्य मेला में 16 काउंटर बनाए गए।जहा आयुर्वेद चिकित्सा, योगा, बीपी, शुगर ,टीभी,मलेरिया,नेत्र जांच के लिए अलग अलग काउंटर बने थे।वहीं कोविड टीकाकरण,कुष्ठ रोग ,आयुष्मान कार्ड के लिए,मरीजों के इलाज़ के लिए ओपीडी की भी ब्यवस्था के साथ रोगियों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया।चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि स्वास्थ्य मेला का मुख्य उद्देश्य लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।डा.निशांत बेक , डा.रतना रानी,डा.सचिन कुमार ,डॉ कार्तिक उरांव, डॉ जसीम,डॉ.फतमा, डॉ अभिषेक, बीईईओ अशोक पॉल ,सोनी दास,बीपीएम रंजीत कुमार, बीडीएम भावेश सिंह,संजय कुमार, सुधीर कुमार, अनिल कुमार, प्रकाश पंडित पंडित, मि. थलेश भारती,मनोज विश्वकर्मा, हिरालाल प्रसाद आदि स्वास्थ्य कर्मी व सहिया दीदी शामिल थे।

## बरकट्ठा उत्तरी से प्रमिला देवी मुखिया पद से 22को करेगी नामांकन

### जनता की सेवा में जुड़ा रहा और रहूंगा: बसंत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा : जैसे जैसे पंचायत चुनाव की तारीखें चर्चा हो रही है वैसे वैसे पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों के दावेदारों की चर्चा होने लगी है। इसी कड़ी में बरकट्ठा उतरी पंचायत से निवर्तमान मुखिया बसंत साव कि धर्मपत्नी प्रमीला देवी ने मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश कर रही है। बता दे यह पंचायत पिछले चुनाव में पुरुष सीट था लेकिन इस बार यह सीट महिला अनारक्षित है। उन्होंने बताया कि मैं 22 अप्रैल को मुखिया पद के लिए नामांकन आमजनों कि सहमति से निर्णय लिया हुं। उन्होंने गांव के मतदाताओं को नामांकन में शामिल होने की अपील की है। ज्ञात हो मुखिया प्रत्याशी प्रमीला देवी के पति बसंत साव वर्तमान में बरकट्ठा पंचायत के मुखिया है। उनका सपना है





कि बरकट्ठा उतरी पंचायत के विकास में हम पूरा योगदान दे व ग्रामीणों के सपनों को साकार करने व पंचायत के विकास को लेकर ही पिछले पांच वर्षो से प्रखण्ड, अंचल व थाना से सम्बंधित मामलों को लेकर जनता से सीधा जुड़ाव रहा है। ग्रामीणों के कार्यो को लेकर 24 घण्टे सेवा किया हूँ। मेरा उद्देश्य है पंचायत में सर्वांगीण विकास हो जिसके लिए मैं अपनी पत्नी प्रमीला देवी को उम्मीदवार बनाया हुं वहीं पिछले छः साल मे हमारे द्वारा बरकट्ठा उतरी पंचायत ग्यारह पीसीसी रास्तों का निर्माण किया गया, गांव में दो प्रमुख नाली का नव. निर्माण, सात चबुतरा शेड निर्माण, लगभग तीन सौ लोगों को वृद्धा ,विधवा विकलांग पेंशन के लाभ से जुड़वाया, पांच जलमीनार का निर्माण, पुरे पंचायत के सोलर लाइट, बिजली एलईडी लाइट , सभी गली मुहहलो में लगवाया, सभी सरकारी स्कुल व आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व हैंडवाश की सुविधा व चार चबूतरों का निर्माण करवाया गया अगर जनता जनार्दन पुनः हमारी पत्नी को मौका देगी तो कुछ महत्वपूर्ण कार्य जो बच गए है उन्हें पूरा करुंगा साथ ही मुझे अपने द्वारा किये कार्यो का फल अवश्य मिलेगा मुझे जनता का आशीर्वाद अवश्य मिलेगा वही मुखिया बसंत साव ने कहा कि हम जाति व सम्प्रदाय से हटकर समाज का सम्पूर्ण विकास करने का प्रयास किया है हम जनता की सेवा में 24 घण्टे अपने पंचायत में ही उपलब्ध है । मुझे ढुढने के लिए फोन करने की भी जरूरत नहीं है हम सदैव 24 घण्टे आपकी सेवा में हम व हमारे पति उपस्थित है ।

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विकम सिंह**

चलकुशा :–त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चलकुशा प्रखंड मुख्यालय में मुखिया एवं वार्ड सदस्य नामांकन फॉर्म की बिक्री स्टॉल लगाकर किया गया. जिसमें मुखिया पद हेतु 55 तथा वार्ड सदस्य पद हेतु 51 फार्म बिके. वही आज कोई भी नामांकन दाखिल नहीं किया गया. 16 अप्रैल को फॉर्म उपलब्ध नहीं रहने के कारण लोग आज से फॉर्म लेना शुरू किए हैं।







